कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 23.12.2022

/प्रेस विज्ञप्ति/

गर्ल्स कॉलेज में
गणित का जीवन में महत्वपूर्ण स्थान है

शासकीय डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या महाविद्यालय, दुर्ग में महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की जयंति पर स्नातकोत्तर गणित विभाग द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताएं एवं सेमीनार का आयोजन किया गया।

विभागाध्यक्ष डॉ0 अनुजा चौहान ने बताया कि त्रिकोणमितीय पर आधारित रंगोली प्रतियोगिता में 18 छात्राओं ने खुबसूरत रंगोली बनायी, जिन्हें पुरस्कृत किया गया। इस प्रतियोगिता में प्रथम कु डिम्पल देशलहरे (बी0 एस–सी0 द्वितीय वर्ष, गणित), द्वितीय कु0 शिखा पेंडरिया (बी0 एस–सी0 तृतीय वर्ष, कम्प्यूटर साईंस) एवं तृतीय स्थान पर कु0 ज्योतिलता साहू (बी0 एस–सी0 तृतीय वर्ष, गणित) रहीं।

कार्यक्रम में आयोजित सेमीनार में प्रो0 शंकर बैद्य ने महान गणितज्ञ 'आर्यभट्ट', प्रो0 प्राक्षी नायक ने श्रीनिवास रामानुजन तथा कु0 पूजा यादव ने भास्कराचार्य पर पी0 पी0 टी0 के माध्यम से रोचक जानकारी दी।

इस अवसर पर अपने उद्बोधन में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 सुशील चन्द्र तिवारी ने कहा कि श्रीनिवास रामानुजन अद्भुत व्यक्तित्व के धनी थे और अपनी किशोर अवस्था में ही उन्होंने गणित के महत्वपूर्ण सिद्धांतों को ढूंढ निकाला था। उन्होंने विद्यार्थियों को गणित के कॅरियर आप्सन पर जानकारी देते हुए प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन प्रो0 प्राक्षी नायक ने किया।

समाचार के रूप में प्रकाशन हेतु निवेदित।

(डॉ0 सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य
शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)

NATIONAL MATHEMATICS DAY-2022
DEPARTMENT
OF
MATHEMATICS